**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार भााम सवा सात बजे प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ।**

2. **श्री मोदी ने शपथ से पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पर दी श्रद्धांजलि।**

3. **राज्य सरकार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों को 20 जून तक योगदान कराने के दिए निर्देश।**

**और**

4. **भगवान बिरसा मुंडा की आज 124वीं पुण्यतिथि, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने समाधि स्थल में श्रद्धांजलि अर्पित की।**

************************

केन्द्र में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए के मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह शाम सवा सात बजे होगा। राष्टापति, श्री मोदी के साथ केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समारोह से पहले नरेन्द्र मोदी ने संभावित मंत्रियों को प्रधानमंत्री आवास में दोपहर 12 बजे चाय पर बुलाया। उनके साथ मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की।

************************

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले नरेंद्र मोदी ने आज सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर शहीद जवानों को नमन भी किया। नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचने पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने उनका स्वागत किया। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।

************************

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के एक हजार पांच सौ से अधिक उम्मीदवारों को **कृपांक** दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पैनल की अध्यक्षता संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष करेंगे। यह समिति एक सप्ताह के भीतर सिफारिश देगी और अभ्यार्थियों के परिणाम की समीक्षा भी की जा सकती है। मेडिकल और डेंटल प्रवेश परीक्षा के परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। प्रत्याशियों ने कई मुद्दे उठाते हुए दोबारा परीक्षा लेने की मांग की थी।

************************

केंद्र सरकार की ओर से रांची के सदर अस्पताल को पहली बार कायाकल्प पुरस्कार से नवाजा गया है। इस पुरस्कार के तहत अस्पताल को 50 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे। इसके अलावा बेहतर सौर ऊर्जा, पौधरोपण और मेडिकल वेस्ट के समुचित प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम इको फ्रेंडली अस्पताल का भी पुरस्कार मिला है। इसके तहत भी दस लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। केंद्र सरकार की ओर से इस साल जनवरी–फरवरी में कई मानकों पर असेसमेंट किया गया था, जिसमें पूरे झारखंड में सदर अस्पताल को प्रथम स्थान मिला है। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि पुरस्कार मिलने से डॉक्टर से लेकर स्वास्थ्य कर्मी तक प्रोत्साहित होंगे। उन्होने बताया कि अवार्ड में मिले रुपये से मरीजों के लिए नये संसाधनों की व्यवस्था की जायेगी।

************************

चतरा में सड़क दुर्घटना के बढ़ते मामलों, अवैध उत्खनन और भंडारण की रोकथाम के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**साउण्ड बाईट – प्रशान्त जयवर्द्धन, चतरा – 48 सेकेण्ड**

*******************

रांची माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों को 20 जून तक योगदान कराने के निर्देश दिया है। इन शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से हुई थी। इन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए 30 मार्च तक संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में योगदान देने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने से कई शिक्षकों का योगदान नहीं हो सका। अब माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर 20 जून तक योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

*******************

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आज 124वीं पुण्यतिथि है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राजधानी रांची के कोकर में स्थित समाधि स्थल में आज भगवान बिरसा मुण्डा को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान और बिरसा चौक में भी बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का त्यागमय जीवन राष्ट्र सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। जल, जंगल और जमीन को लेकर उनकी निष्ठा से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुण्डा का शहादत ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान और आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन और परम्परा को बचाने के लिए था। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के शहादत से प्रेरणा लेकर आदिवासियों की परम्परा और अस्मिता को बचाने का संकल्प लेते हैं।

*******************

गोड्डा जिले के राजमहल कोल परियोजना में कार्यरत सिक्योरिटी गार्डों ने हाई पावर कमेटी मजदूरी की मांग को लेकर कंपनी के खनन कार्य और कोयला ढुलाई को बंद करवा दिया है। सिक्योरिटी गार्ड्स ने प्राइवेट कंपनियों का मजदूरों के साथ शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी तरह की छुट्टी और अन्य लाभ नहीं दी जा रही है। वहीं कंपनी के प्रबंधक ने बताया कि आंदोलन करने से प्रतिदिन 50 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है।

*******************

जमशेदपुर के बौद्ध मंदिर मैदान में मिथिला सांस्कृतिक परिषद, ने कल दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विद्यापति के घर पर भगवान शिव खुद सेवक बनाकर रहते थे। भगवान शिव के साथ उनका संबंध भक्त और सेवक का था। इस अवसर पर आनंद मेला में मैथिल खान–पान, मधुबनी पेंटिंग, मैथिली साहित्य और मिथिलांचल में प्रयोग किए जाने वाले सिक्की के पाउती के स्टाल लगे थे।

*******************

चतरा जिले में शहीद वीर पोटो हो खेल विकास योजना की धीमी प्रगति पर जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने अप्रसन्नता व्यक्त की। कल देर शाम तक चली जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि चतरा जिले को शहीद वीर पोटो हो खेल विकास योजना के अंतर्गत 523 लक्ष्य दिए गए हैं। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि योजना के क्रियान्वयन में आ रही भूमि संबंधी समस्या का निपटारा जल्द कराया जाय। साथ ही योजना के प्रगति का निरीक्षण कर अद्यतन उपलब्ध कराएँ।

*******************

आकाशवाणी दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के राष्ट्रपति भवन में आज शाम सवा सात बजे से आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की रनिंग कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। इस

वजह से प्रादेशिक समाचार एकांश, रांची से संध्याकालीन समाचार  बुलेटिन का प्रसारण संध्या सात बजे की बजाय छह बजकर पच्चीस मिनट से होगा। वहीं, जिले में आजकल का प्रसारण छह बजकर पैंतीस मिनट से छह बजकर चालीस मिनट तक होगा।

************************

टी–20 वर्ल्ड कप में आज न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी स्टेडियम में भारत–पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। भारतीय  समयानुसार रात 8 बजे मैच शुरु होगा। 8वीं बार दोनों टीमें आमने–सामने होंगी। इस महा मुकाबले को लेकर दोनों टीमों के प्रशंसकों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। भारतीय की टीम की कोशिश आज इस मुकाबले को जीतकर जीत के लय को बरकरार रखने की होगी। हालांकि वर्ल्ड कप में दोनों देशों के बीच अबतक हुए मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए टीम इंडिया का पलड़ा भारी है।

*********समाप्त**************